दिन– शुक्रवार दिनांक– 10 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई।

02 केंद्र सरकार ने कहा – पश्चिम एशिया संकट के बीच, देश की बिजली और ऊर्जा जरूरतों की मांग सफलतापूर्वक पूरी की जा रही है।

03. जाति जनगणना पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को सर्वोच्च न्यायालय ने किया खारिज।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – अगले तीन से चार दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना।

---

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने उन्हें शपथ दिलाई।

–––साउंड बाइट–––

इस अवसर पर राज्यसभा के नेता और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता राजीव रंजन सिंह, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। शपथ ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री देर शाम पटना वापस लौट गए हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दो दशकों के शासनकाल का समापन होने जा रहा है। इस शानदार पारी में उन्हें विकास पुरूष और सुशासन बाबू जैसे कई उपाधियों से संबोधित किया गया। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

नीतीश कुमार पहली बार तीन मार्च दो हजार को बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। हालांकि, बहुमत साबित न कर पाने के कारण उन्हें केवल 7 दिन बाद, 10 मार्च 2000 को इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद वे नवंबर 2005 में दोबारा मुख्यमंत्री बने और अपना कार्यकाल पूरा किया। श्री कुमार देश के पहले राजनेता हैं, जिन्होंने दस बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सुशासन और सेवा की अपनी प्रतिबद्धता से नीतीश कुमार ने एक लंबी लकीर खींची है। उनकी चलाई हुई कई योजनाएं जैसे– साईकिल योजना, शराबबंदी और

महिला आरक्षण काफी सराहनीय रही। उन्होंने राज्य के शहरों, गावों और टोलों तक सड़कों का जाल बिछा दिया। घर–घर तक बिजली पहुंचाई और बिजली की उपलब्धता चौबीसों घंटे सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री की सबसे बड़ी उपलब्धि अपराध पर नियंत्रण रही। आज पक्ष या विपक्ष के सभी नेता यही कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री के विकास की रफ्तार को बरकरार रखना आने वाले मुख्यमंत्री और सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। समाचार कक्ष से मैं निधि श्री।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष नीतीश कुमार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री कुमार देश के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक हैं और सुशासन को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की हर जगह सराहना होती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने बिहार के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा के पूर्व सभापति हरिवंश को भी राज्यसभा के सदस्य के रूप में मनोनित होने पर बधाई दी है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी है।

---

बिहार सरकार में मंत्री श्रेयसी सिंह ने महिला आरक्षण पर कहा है कि विकसित भारत की परिकल्पना का, जो संकल्प है, उसको लेकर हम मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सभी वादों को धरातल पर उतारा है। सुश्री सिंह ने नीतीश कुमार के राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ लेने के बाद उन्हें बधाई दी है।

–––साउंड बाइट–––

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच उसने देश की बिजली और ऊर्जा जरूरतों की चरम मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया है। आज नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालय ब्रीफिंग के दौरान विद्युत मंत्रालय के अपर सचिव पीयूष सिंह ने कहा कि सभी ताप विद्युत संयंत्र पर्याप्त कोयले के भंडार के साथ पूरी क्षमता से चल रहे हैं। इस बीच, संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पिछले महीने चौदह मार्च से अब तक एक लाख छह हजार टन व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है।

–––साउंड बाइट–––

---

चंपारण सत्याग्रह की आज एक सौ नौवीं वर्षगांठ है। महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश के स्वतंत्रता संग्राम का यह एक महत्वपूर्ण मोड़ था। वर्ष उन्नीस सौ सत्रह में इसी दिन चंपारण जिले में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ नील किसानों की शिकायतों को दूर करने के लिए आंदोलन शुरू किया गया था। यह देश में महात्मा गांधी के सत्याग्रह का पहला प्रयोग भी था। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

स्थानीय किसान राजकुमार शुक्ल के लगातार आग्रह पर महात्मा गांधी चंपारण पहुंचे और किसानों की उसे समय की स्थिति की विस्तार से पड़ताल की। तत्कालीन ब्रिटिश शासन ने महात्मा गांधी से इलाके को तत्काल छोड़ने को कहा लेकिन उन्होंने इस आदेश को नहीं माना और अहिंसक आंदोलन के माध्यम से किसानों को संगठित किया और उनकी समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया। इस आंदोलन के परिणाम स्वरुप एक जांच समिति का गठन हुआ गांधी जी को भी इस समिति का सदस्य बनाया गया। यह आंदोलन सफल रहा और वर्ष 1918 में जबरन नील की खेती की प्रथा समाप्त कर दी गई। चंपारण सत्याग्रह ने न केवल किसानों को न्याय दिलाया बल्कि गांधी जी को एक जन नेता के रूप में स्थापित किया और भारत के व्यापक स्वतंत्रता आंदोलन की नींव रखी। विष्णु की रिपोर्ट के साथ अंकित कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

प्रदेश में आज से पैक्सों और व्यापार मंडलों के माध्यम से मसूर की खरीद शुरू हो गयी है। मसूर का समर्थन मूल्य सात हजार रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। इस बार बत्तीस हजार मीट्रिक टन मसूर खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

---

आकाशवाणी स्टूडियो, पटना में आयोजित विशेष कार्यक्रम में **''कौन बनेगा मुख्यमंत्री''** विषय पर एक परिचर्चा की रिकॉर्डिंग की गयी। परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार कन्हैया भेलारी और प्रियरंजन भारती ने भाग लिया। यह विशेष कार्यक्रम कल संध्या बुलेटिन के बाद रात सात बजकर बावन मिनट से सुना जा सकता है।

---

जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण में अब तक पांच लाख बहत्तर हजार से अधिक परिवारों ने स्व—गणना सुविधा का लाभ उठाया है। भारत के महापंजीयक ने कहा कि यह जनगणना के लिए डिजिटल पहल में बढ़ती जनभागीदारी को दर्शाता है। जनगणना का पहला चरण पहली अप्रैल को शुरू हुआ था। स्व—गणना सुविधा पन्द्रह अप्रैल तक जारी रहेगी। मकान सूचीकरण और आवास गणना सोलह अप्रैल से शुरू होकर पंद्रह मई तक चलेगी। दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। यह चरण अगले वर्ष फरवरी में शुरू होगा।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने जाति जनगणना पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग वाली याचिका को आज खारिज कर दिया। इससे पहले, दो फरवरी को शीर्ष अदालत ने दो हजार सत्ताईस की जनगणना में नागरिकों के जातिगत आंकड़ें के रिकॉर्ड, वर्गीकरण और सत्यापन के लिए अपनाई जाने वाली पद्धति पर किए गए सवाल से जुड़ी एक जनहित याचिका पर भी सुनवाई से इंकार कर दिया था। दो हजार सत्ताईस जनगणना देश की सोलहवीं राष्ट्रीय जनगणना है।

---

अररिया जिला प्रशासन ने निजी विद्यालयों की मनमानी पर सख्ती दिखाई है। जिलाधिकारी विनोद दुहन ने कहा कि निजी विद्यालय किताबों और ड्रेस की सूची जारी करेंगे, लेकिन अभिभावक कहीं से भी खरीदने के लिए स्वतंत्र होंगे। किसी विशेष दुकान से खरीद के लिए बाध्य करना प्रतिबंधित रहेगा।

---साउंड बाइट---

जिलाधिकारी ने कहा है कि नियमों के उल्लंघन करने वाले संबंधित विद्यालयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में जानकारी दें।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के गौनाहा थाना क्षेत्र के मठ मंझरिया चौक के पास पुलिस महानिदेशक और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर पुलिस ने छापेमारी कर आर्केस्ट्रा में काम कर रही आठ नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि इस मामले में चार ऑर्केस्ट्रा संचालकों को गिरफ्तार किया गया है।

---साउंड बाइट---

---

केंद्रीय बजट, दो हजार छब्बीस से जुड़े विषयों पर चर्चा के लिए बारह और तेरह अप्रैल को माई भारत बजट क्वेस्ट का आयोजन पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में किया जाएगा। यह आयोजन मेरा युवा भारत, बिहार और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा किया जा रहा है। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल अता हसनैन और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का

समापन तेरह अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद के रूप में होगा। कार्यक्रम में देशभर के पंद्रह हजार से अधिक युवा शामिल होंगे।

---

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता कम होने के साथ ही राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अररिया और किशनगंज में मध्यम बारिश दर्ज की गई, जबकि सुपौल, मधुबनी और पूर्णिया में बहुत ही हल्की बारिश हुई। साथ ही राज्य के शेष भागों में मौसम शुष्क बना रहा। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ पश्चिम चंपारण का मोतिहारी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान तैंतीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार तीन से चार दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापामन में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होने की सम्भावना है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई।

02 केंद्र सरकार ने कहा – पश्चिम एशिया संकट के बीच, देश की बिजली और ऊर्जा जरूरतों की मांग सफलतापूर्वक पूरी की जा रही है।

03. जाति जनगणना पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को सर्वोच्च न्यायालय ने किया खारिज।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – अगले तीन से चार दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।